भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. *241**

जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

**पत्तन संपर्क राजमार्ग गलियारा**

*241. श्री शफी परम्बिल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) पत्तन संपर्क राजमार्ग गलियारा (राष्ट्रीय राजमार्ग-966-बी), जो विटिला अरूर राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर नेत्तूर को विलिंगडन आइलैंड में सीआईएफटी जंक्शन से जोड़ता है, की वर्तमान स्थिति क्या है, और

(ख) इस परियोजना के कब तक पूरा होने की संभावना है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

**विवरण**

**"पत्तन संपर्क राजमार्ग गलियारा" के संबंध में श्री शफी परम्बिल द्वारा पूछे गए दिनांक 12.12.2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *241 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) से (ख) पत्तन संपर्कता राजमार्ग गलियारा (राष्ट्रीय राजमार्ग-966बी), जो विटिला अरूर राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर नेतूर को विलिंगडन आइलैंड में सीआईएफटी जंक्शन से जोड़ता है, के लिए संरेखण अध्ययन, व्यवहार्यता अध्ययन, निर्माण-पूर्व कार्य-कलापों (भूमि अधिग्रहण के आकलन सहित) सहित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) सौंप दी गई है तथा संरेखण को अभी अनुमोदन मिलना बाकी है। यह परियोजना सरकार की किसी भी योजना में शामिल नहीं है। तदनुसार, आगे की आवश्यक कार्रवाई डीपीआर के परिणाम, तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता, निधियों की उपलब्धता और पारस्परिक प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। कार्य को सौंपने और उसके पूरा होने का अनुमान लगाना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि डीपीआर प्रारंभिक चरण में है।

****